# कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
# ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, पटोरी

पत्रांक................. पटोरी, दिनांक...............

प्रेषकः– कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमंडल पटोरी।

सेवा में,

सचिव,
ग्रामीण कार्य विभाग,
बिहार, पटना।

विषयः– **परिवाद पत्र का संदर्भ PMOPG/D/2022/0014448 एवं PMOPG/D/2022/ 0012469 के संबंध में।**

महाशय,

उपरोक्त विषयक संदर्भ में श्री सच्चिदानंद आजाद, ग्राम–हेतनपुर, थाना–पटोरी, जिला–समस्तीपुर से प्राप्त परिवाद पत्र जो वाया नदी पर पुराने बने पुल का चौड़ीकरण करने एवं दो तीन नया पुल बनाने तथा धमौन–सिंघया नहर पर नया पुल बनाने से संबंधित है, का स्थल जाँचोपरांत वस्तु स्थिति निम्नवत् है–

1. धमौन सिंघिया नहर प्रस्तावित पुल एमएमजीएसवाई अंतर्गत वर्ष 2016–17 में स्वीकृत योजना इमली चौक से सराय माधोपुर तक पथ निर्माण की योजनाके एलाईमेंट में है। पुल निर्माण नही होने के कारण अब तक उक्त योजना क्लोज नही हो पाया है। जल संसाधन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र अप्राप्त रहने के कारण पुल निर्माण कार्य प्रारंभ नही हो सका है। नहर में पानी का जल स्तर कम होने के पश्चात् संबंधित एजेंसी करे पुल का निर्माण कार्य शुरू करने हेतु निदेशित किया गया है।
2. वाया नदी पर पूर्व विधायक श्री अजय कुमार बुलगानीन के अनुशंसा पर निर्मित पुल के चौड़ीकरण की माँग परिवादी श्री आजाद द्वारा की गई है। सभी पुल की भौतिक स्थिति निम्नानुसार है–
   - (क) आदर्श मध्य विद्यालय हसनपुर सूरत घाट पर पुराने पुल जो कम चौड़ा था, को तोड़कर उसके स्थान पर नया 7.5 मीटर चौड़ा उच्च स्तरीय आर.सी.सी पुल का निर्माण कार्य प्रगति मे है।
   - (ख) वाया नदी के नदी के डाउन स्ट्रीम में हसनपुर सूरत घाट से 700 मीटर आगे लोदीपुर घाट पर माननीय विधायक श्री अजय कुमार बुलगानीन के अनुशंसा पर निर्मित पुल की चौड़ाई तीन मीटर है। पुल का रेलिंग टूटा था जिसे छः माह पूर्व स्थानीय निकाय की योजना से नए स्टील रेलिंग का निर्माण किया गया है। पुल पर ट्रैफिक डेंसिटी बहुत कम है। उक्त पुल के चौड़ीकरण की तत्काल आवश्यकता नही है।
   - (ग) वाया नदी के डाउन स्ट्रीम में लोदीपुर घाट से 600 मीटर आगे पुरानी बाजार से सुलतानपुर पथ मे पूर्व निर्मित पुल के बगल में 05 वर्ष पूर्व उच्च स्तरीय पुल (तिवारी पुल) का निर्माण किया जा चुका है। अतः उक्त स्थल पर नए पुल की आवश्यकता नही है।
   - (घ) वाया नदी के डाउन स्ट्रीम में तिवारी पुल से 1.5 कि0मी0 आगे पुरानी बाजार से मुकुन्दपुर पथ के मुकुन्दपुर (गोरगामा) घाट पर पूर्व से निर्मित पुल का रेलिंग क्षतिग्रस्त हो गया था। उक्त पुल में स्टील रेलिंग का निर्माण नौ माह पूर्व ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, पटोरी द्वारा कराया गया है। अभी उक्त पुल पर दुर्घटना की संभावना न के बराबर है। मुकुन्दपुर घाट पर नये उच्च स्तरीय पुल के निर्माण हेतु प्राक्कलन विभाग को समर्पित किया जा चुका है।

इसके अतिरिक्त बाबा अमरसिंह स्थान घाट पर पीएमजीएसवाई शीर्ष से पुल निर्माण कार्य पूर्ण होने की स्थिति मे है। विदित हो कि पूर्व मे इस कार्यालय के पत्रांक 192 दिनांक 15.02.2022 द्वारा जिला पदाधिकारी, समस्तीपुर को यह प्रतिवेदन उपलब्ध कराया जा चुका हे।

सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ समर्पित।

विश्वासभाजन

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, पटोरी

# कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
# ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, पटोरी

पत्रांक.................                                                                 पटोरी, दिनांक...............

प्रेषक,

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमंडल, पटोरी ।

सेवा में,

मुख्य अभियंता–4
ग्रामीण कार्य विभाग
बिहार, पटना ।

विषयः– **CM Dashboard से प्राप्त CM Letters का वस्तुस्थिति प्रतिवेदन समर्पित करने के संबंध में ।**

**प्रसंगः–** भवदीय पत्रांक–1722 अनु0 पटना दिनांक–12.04.2022

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के आलोक में सूचित करना है कि **CM Dashboard** से प्राप्त **CM Letters** का वस्तुस्थिति से संबंधित कंडिकावार उत्तर प्रतिवेदन निम्नवत है ।

| | |
|---|---|
| 1. प्रश्नाधीन पुल ग्रामीण कार्य विभाग, के किसी पथारेखन पर है या नही । | नही |
| 2. प्रश्नाधीन पुल स्थल पर नदी के दोनो किनारों पर जो बसावट अवस्थित है उसका उल्लेख किया जाय । | नदी के बाये तटबंध पर रसलपुर एवं नदी के टापू पर हरदासपुर ग्राम अवस्थित है । |
| 3. दोनो किनारों पर के बसावट को जिन पथों से एकल संपर्कता दी गयी है उन पथों का स्पष्ट उल्लेख प्रतिवेदन में किया जाय । | ग्राम रसलपुर पत्थर धाट से रसलपुर RCD पथ एवं RCD पथ के ही डमकी लिंक रोड से संपर्कित है । हरदासपुर गाँव गंगा के टापू पर बसा हुआ है एवं हरदासपुर गाँव का आंतरिक भाग स्थानिय निकाय से निर्मित PCC पथ से जुडा हुआ है । |
| 4. Upstream तथा Downstream में पूर्व से निर्मित पुलों की दूरी का उल्लेख किया जाय । | नदी के Upstream में 60 कि0मी0 पर महात्मा गाँधी सेतु एवं Downstream में 65 कि0मी0 की दूरी पर राजेन्द्र सेतु मोकामा है । |
| 5. नजरी नक्शा/Line Plan संलग्न किया जाय । | संलग्न |

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, पटोरी ।